# दैनिक प्रेस विज्ञप्ति – 23 मई 2021

## छत्तीसगढ़ में आज 50 हजार 722 सैम्पलों की हुई जांच, प्रदेश की औसत पॉजिटिविटी दर 6.52 प्रतिशत

- प्रदेश में पॉजिटिविटी दर लगातार घट रही है। आज 23 मई को प्रदेश में पॉजिटिविटी दर 6.52 प्रतिशत है। आज प्रदेश भर में हुए 50 हजार 722 सैंपलों की जांच में से 3306 व्यक्ति कोरोना संक्रमित पाए गए हैं।

## कोरोना के लक्षण वाले लोगों को निःशुल्क दवा किट, अब तक 16.91 लाख लोगों को दी गई दवा

- छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण और रोकथाम के लिए 16 लाख 91 हजार 115 संदिग्ध मरीजों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा दवाईयों की किट वितरित की गई है। विभाग द्वारा कोरोना संक्रमण के लक्षण वाले व्यक्तियों के त्वरित इलाज और उन्हें गंभीर स्थिति में पहुंचने से बचाने के लिए मितानिनों एवं सर्विलेंस टीमों द्वारा दवाईयों की किट निरूशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। इस किट में आइवरमेक्टिन, डॉक्सीसाइक्लिन, पैरासिटामॉल, विटामिन–सी और जिंक की टैबलेट शामिल हैं। कोविड–19 के संदिग्ध मरीजों को दवा किट उपलब्ध कराने के अच्छे परिणाम आए हैं। इससे पूरे प्रदेश में संक्रमण की रफ्तार को रोकने में मदद मिली है।

- स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदेश में अब तक (22 मई तक) कोरोना के लक्षण वाले 7 लाख 21 हजार 664 लोगों को दवा किट उपलब्ध कराई गई है। जांच केंद्रों और अस्पतालों में कोरोना जांच के लिए पहुंच रहे इसके लक्षण वाले 6 लाख 82 हजार 022 लोगों को भी दवा किट मुहैया कराया गया है। मितानिनों और सर्विलेंस टीमों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों व कन्टेनमेंट जोनों में एक्टिव सर्विलेंस के दौरान मिले 2 लाख 91 हजार 115 व्यक्तियों को भी कोरोना के इलाज और बचाव के लिए दवाईयां दी गई हैं।

## राज्य को 2 लाख वैक्सीन डोज 45 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के लिए मिली

- राज्य को कोविड–19 की 2 लाख वैक्सीन डोज 22 मई को मिली थी। सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने पूर्व में कहा कि यह वैक्सीन राज्य सरकार के 18 से अधिक आयु वर्ग के लिए है। बाद में इंस्टीट्यूट ने स्पष्ट किया कि यह वैक्सीन 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लिए भारत सरकार द्वारा भेजी गई वैक्सीन का हिस्सा है। तद्नुसार यह वैक्सीन 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लिए रखी गई है।

## आज दिनांक 23 मई 2021 तक राज्य में 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के कुल 7,22,002 लाभार्थियों का टीकाकरण कर लिया गया है

- प्रदेश में 18 से 44 वर्ष आयु समूह का टीकाकरण राज्य के 314 केन्द्रों में किया जा रहा है। रात्रि 9 बजे तक इस आयु वर्ग में कुल 16164 लोगों का टीकाकरण किया गया। इनमें से अंत्योदय के 655, बीपीएल के 4182, एपीएल के 10294, फ्रंटलाइन वर्कर के 1033 हितग्राहियों को टीका लगाया गया।

* डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर के विशेषज्ञ चिकित्सकों से स्वास्थ्य संबंधी सलाह वर्चुअल टेली ओ.पी.डी. के माध्यम से मरीज ले सकते है। प्रतिदिन समय सुबह **10:30 से 11:30** बजे, अवकाश दिवस को छोड़कर। लिंक के माध्यम से वर्चुअल ओ.पी.डी. ज्वाइन की जा सकती है।

https://zoom.us/j/94714208087?pwd=VXdZT2VBQ2xzR0tWdW0rL05lS3NwQT09
Meeting ID: 947 1420 8087, Passcode: 123456

दूरभाष नम्बर पर कॉल कर 0771–2890079 जानकारी ली जा सकती है।

# कोविड–19 की स्थिति (रात्रि 08:00 बजे तक)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | पॉजिटिव प्रकरण | आज | 3306 |
| | | कुल | 949000 |
| 2 | अस्पताल से डिस्चार्ज | आज | 741 |
| | | कुल* | 149664 |
| 3 | होम आईसोलेशन से डिस्चार्ज | आज | 6491 |
| | | कुल* | 720976 |
| 4 | कुल डिस्चार्ज (अस्पताल + होम आईसोलेशन) | आज | 7232 |
| | | कुल | 870640 |
| 5 | वर्तमान में कुल सक्रिय | 65774 | |
| 6 | आज हुई मृत्यु कुल - 92 | कोविड–19 | 36 |
| | | को–मॉर्बिडिटी के साथ | 56 |

* पूर्व तिथि में हुए डिस्चार्ज की एन्ट्री अद्यतन होने से आज डिस्जार्च की कुल संख्या में वृद्धि हुई है।

उपरोक्त सारणी के संबंध में जिलेवार संख्यात्मक विवरण पृष्ठ क्रमांक 02 पर उपलब्ध है।

## टेस्टिंग की स्थिति

आज हुए कुल टेस्ट की संख्या 50,722

# छत्तीसगढ़ में COVID-19 की जिलेवार स्थिति दिनांक 23-05-2021

| क्र. | जिला | POSITIVE | | DISCHARGE (HOSPITAL) | | HOME ISOLATION COMPLETED | | TOTAL RECOVRED (DISCHARGE + HOME ISOLATION) | TOTAL ACTIVE CASES | DEATHS | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | TODAY | TOTAL | TODAY | TOTAL | TODAY | TOTAL | | | TODAY | TOTAL |
| 1 | दुर्ग | 97 | 95052 | 11 | 13558 | 255 | 77798 | 91356 | 1970 | 7 | 1726 |
| 2 | राजनांदगांव | 50 | 55162 | 22 | 12263 | 108 | 41264 | 53527 | 1149 | 3 | 486 |
| 3 | बालोद | 69 | 26013 | 58 | 8244 | 172 | 16106 | 24350 | 1307 | 4 | 356 |
| 4 | बेमेतरा | 60 | 19375 | 0 | 3168 | 46 | 14744 | 17912 | 1238 | 2 | 225 |
| 5 | कबीरधाम | 45 | 22165 | 10 | 2220 | 193 | 18213 | 20433 | 1478 | 6 | 254 |
| 6 | रायपुर | 152 | 154919 | 103 | 28508 | 296 | 119476 | 147984 | 3868 | 12 | 3067 |
| 7 | धमतरी | 69 | 25332 | 20 | 2322 | 40 | 20841 | 23163 | 1667 | 7 | 502 |
| 8 | बलौदाबाज़ार | 155 | 40348 | 18 | 8010 | 445 | 28233 | 36243 | 3682 | 2 | 423 |
| 9 | महासमुंद | 104 | 29794 | 9 | 3688 | 260 | 23147 | 26835 | 2636 | 2 | 323 |
| 10 | गरियाबंद | 75 | 18742 | 1 | 3311 | 214 | 13841 | 17152 | 1410 | 1 | 180 |
| 11 | बिलासपुर | 89 | 63992 | 51 | 6568 | 385 | 53799 | 60367 | 2456 | 7 | 1169 |
| 12 | रायगढ़ | 216 | 59206 | 120 | 11106 | 523 | 42177 | 53283 | 5073 | 8 | 850 |
| 13 | कोरबा | 81 | 52475 | 51 | 4279 | 426 | 43928 | 48207 | 3738 | 5 | 530 |
| 14 | जांजगीर-चांपा | 225 | 53928 | 20 | 7227 | 314 | 41384 | 48611 | 4604 | 9 | 713 |
| 15 | मुंगेली | 147 | 22735 | 12 | 881 | 289 | 19187 | 20068 | 2513 | | 154 |
| 16 | गौरेला पेंड्रा मरवाही | 86 | 11224 | 6 | 647 | 127 | 8625 | 9272 | 1819 | 1 | 133 |
| 17 | सरगुजा | 210 | 30335 | 44 | 3294 | 372 | 22987 | 26281 | 3833 | 4 | 221 |
| 18 | कोरिया | 254 | 24127 | 3 | 1445 | 10 | 18030 | 19475 | 4499 | | 153 |
| 19 | सूरजपुर | 272 | 25919 | 6 | 1820 | 608 | 19386 | 21206 | 4524 | 2 | 189 |
| 20 | बलरामपुर | 179 | 17916 | 11 | 1393 | 525 | 13064 | 14457 | 3351 | 1 | 108 |
| 21 | जशपुर | 238 | 23716 | 48 | 4028 | 331 | 16338 | 20366 | 3182 | 5 | 168 |
| 22 | बस्तर | 115 | 18080 | 9 | 4042 | 125 | 12216 | 16258 | 1658 | | 164 |
| 23 | कोंडागांव | 93 | 11668 | 3 | 1552 | 102 | 9131 | 10683 | 895 | | 90 |
| 24 | दंतेवाडा | 50 | 9260 | 0 | 3979 | 48 | 4843 | 8822 | 419 | | 19 |
| 25 | सुकमा | 8 | 5588 | 52 | 3174 | 16 | 2223 | 5397 | 176 | | 15 |
| 26 | कांकेर | 84 | 22314 | 27 | 3118 | 227 | 17155 | 20273 | 1842 | | 199 |
| 27 | नारायणपुर | 26 | 3309 | 26 | 2416 | 34 | 608 | 3024 | 275 | | 10 |
| 28 | बीजापुर | 52 | 5620 | 0 | 2862 | 0 | 2232 | 5094 | 494 | | 32 |
| 0 | अन्य राज्य | 5 | 686 | 0 | 541 | 0 | 0 | 541 | 18 | 4 | 127 |
| **महायोग** | | **3306** | **949000** | **741** | **149664** | **6491** | **720976** | **870640** | **65774** | **92** | **12586** |

कोविड से संक्रमित व्यक्तियों के स्थाई निवास अनुसार प्रविष्टि किये जाने के फलस्वरूप, जिलेवार दर्ज कोविड मरीजों की संख्या में अंतर संभावित है।

मीडिया प्रभारी
राज्य कन्ट्रोल एण्ड कमांड सेंटर
(COVID19)



← मास्क पहनें, 2-गज की दूरी अपनाएं, साबुन से हाथ धोएं →

